5 समस्या निवारक आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स
Eye Strain
Eye Dryness
Eye Tiredness
Eye Freshness
Eye Cleanliness
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
Clinically Tested
24x7 Helpline: 8198822222
www.eyemantra.com

आँखों की थकान दूर करने का आसान समाधान
प्रयोग विधि:
2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS

सरकारी योजनाओं का झांसा देकर गेमिंग एप से ठगी, चार गिरफ्तार

एसटीएफ ने लखीमपुर में की कार्रवाई, गिरोह में कई अन्य लोगों की भी तलाश

अमर उजाला ब्यूरो

नीरज रविदीप अभिषेक आदेश

लखनऊ। एसटीएफ ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का लालच देकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों के नाम पर सिम कार्ड एक्टिवेट कर यूपीआई आईडी बनाते थे। वे गेमिंग एप के माध्यम से ठगी की रकम का लेनदेन करते थे।

एसटीएफ ने बृहस्पतिवार रात लखीमपुर खीरी जिले की आवास विकास कॉलोनी से आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में सीतापुर निवासी अभिषेक वर्मा, लखीमपुर खीरी निवासी नीरज वर्मा, रवि दीप कुमार और आदेश वर्मा शामिल हैं। उनके कब्जे से 324 सिम कार्ड, आठ मोबाइल फोन, एक मॉर्फो फिंगर मशीन, विभिन्न बैंकों के छह एटीएम कार्ड, दो आधार कार्ड, दो दोपहिया वाहन, एक पैन कार्ड, एक फोन-पे आईडी कार्ड और 58 हजार रुपये नकद बरामद किए गए।

एसटीएफ एएसपी अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव के अनुसार, खीरी और आसपास के जिलों में साइबर ठगी की सूचना मिल रही थी। गिरोह लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देता था। लालच देकर उनके नाम पर सिम कार्ड एक्टिवेट कराए जाते थे। इन सिम को एनएसडीएल खाते से लिंक कर यूपीआई आईडी बनाई जाती थी। फिर गेमिंग एप के जरिये ठगी की रकम का लेनदेन होता था। एएसपी ने बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। ब्यूरो

सोनाली मस्टर्ड ऑयल और फल्म 'धमाल 4' के बीच साझेदारी

व्यावसायिक गतिविधि

आगरा (वि)। सोनाली मस्टर्ड ऑयल ने आगामी फिल्म 'धमाल 4' के साथ विशेष साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य परिवारों तक मनोरंजन के साथ ऐसा स्वाद पहुंचाना है, जो हर खाने को और भी खास बनाए, साथ ही सेहत का भरोसा भी कायम रखे। जिस तरह 'धमाल 4' अपनी कॉमेडी और पारिवारिक मनोरंजन से दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है, उसी तरह सोनाली मस्टर्ड ऑयल वर्षों से अपने शुद्ध स्वाद, बेहतरीन गुणवत्ता और स्वास्थ्यवर्धक गुणों के साथ हर रसोई का भरोसेमंद हिस्सा बना हुआ है। अपने विशिष्ट स्वाद और पोषण से भरपूर गुणों के कारण यह रोजमर्रा के भोजन को स्वादिष्ट बनाने के साथ परिवार की सेहत का भी पूरा ध्यान रखता है। इस साझेदारी के तहत सोनाली मस्टर्ड ऑयल अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर एक रोमांचक प्रतियोगिता भी चला रहा है, जिसमें विजेताओं को कई आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा। स्वाद, मनोरंजन और अपनों की सेहत, इन तीनों को एक साथ जोड़ती यह साझेदारी सोनाली मस्टर्ड ऑयल की उसी सोच को आगे बढ़ाती है कि अच्छा भोजन केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों और बेहतर सेहत का आधार भी होता है।

अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट को हुरुन इंडिया का 'टॉप 50 सक्सेसफुल सक्सेसर अवॉर्ड'

व्यावसायिक गतिविधि

नई दिल्ली (वि)। द मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट को हुरुन इंडिया ने 'टॉप 50 सक्सेसफुल सक्सेसर अवॉर्ड' से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें भारत के सबसे प्रतिष्ठित पारिवारिक कारोबारी समूहों में से एक द मुथूट ग्रुप को मजबूत बनाने और नई दिशा देने में उनके बेहतरीन नेतृत्व और योगदान के लिए दिया गया। यह अवॉर्ड 8 जुलाई को नई दिल्ली के हयात होटल में आयोजित हुरुन इंडिया फ्यूचर फोरम एंड अवॉर्ड्स 2026 समारोह में प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के उद्यमी, कारोबार लीडर और अगली पीढ़ी के उत्तराधिकारी शामिल हुए। हुरुन इंडिया और एएसके वेल्थ के संयुक्त मूल्यांकन के बाद यह सम्मान चुने गए 50 सफल उत्तराधिकारियों को दिया गया। इसमें नेतृत्व, नवाचार, व्यवसाय विस्तार, सुशासन और रोजगार सृजन जैसे मानकों को शामिल किया गया। उन्होंने दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचार, कारोबार वृद्धि और रोजगार सृजन के माध्यम से मूल्य बनाए हैं। सम्मान मिलने पर अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने हुरुन इंडिया और एएसके वेल्थ का आभार जताया। उन्होंने पिता स्व. एमजी जॉर्ज मुथूट, पूर्व चेयरमैन, द मुथूट ग्रुप के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता और मूल्यों से प्रेरणा मिलती है।

25 आरोपियों पर चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का मुकदमा

लखनऊ। 1992 करोड़ रुपये के जेवीएल एग्रो इंडस्ट्रीज बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी को बड़ी सफलता मिली है। लखनऊ की विशेष पीएमएलए अदालत ने ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए 25 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विशेष न्यायाधीश (पीएमएलए) मधु डोगरा ने सात जुलाई के आदेश में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 3 व 70 के तहत, धारा 4 में दंडनीय अपराध का संज्ञान लिया। ईडी ने ये चार्जशीट 25 नवंबर 2025 को दाखिल की थी। ब्यूरो

भाजपा राज में पीडीए समाज पर बढ़ रहे हमले : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार और भेदभाव चरम पर है तथा पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा। उन्होंने देवरिया में पीडीए समाज के युवक राजू विश्वकर्मा की गला रेतकर हत्या और बचाने पहुंचे छह परिजनों पर हमले की घटना की निंदा की, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। अखिलेश ने कहा कि पीड़ित परिवार से मिलने गए सपा प्रवक्ता संदीप विश्वकर्मा को भी प्रशासन के सामने धमकी दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में पीडीए समाज पर हमले बढ़ रहे हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ब्यूरो

ईसाई समुदाय पर हमलों को लेकर आप सांसद ने पीएम को लिखा पत्र

लखनऊ। आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने ईसाई समुदाय और उनके प्रार्थना स्थलों पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई। सिंह ने पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली में हुई हिंसा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह भारत के धर्मनिरपेक्ष ढांचे पर प्रहार है। सांसद ने केंद्र सरकार से इन हमलों की निंदा करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने रायबरेली और सोनारपुर की घटनाओं का भी जिक्र किया। सिंह ने निष्पक्ष जांच, गिरफ्तारी और धर्मांतरण कानूनों के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग की। ब्यूरो

राजकीय व निजी आईटीआई में प्रवेश आवेदन आज से

लखनऊ। प्रदेश के राजकीय व निजी आईटीआई)में नए सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन 11 जुलाई से शुरू हो रहे हैं। अभ्यर्थी 4 अगस्त तक वेबसाइट http://www.scvtup.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। राजकीय व निजी आईटीआई में चल रहे व्यवसायों के साथ ही टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से अपग्रेड 211 राजकीय संस्थानों में चल रहे 10 प्रमुख ट्रेड में भी प्रवेश के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। ब्यूरो

राज्य निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल

लखनऊ। निर्वतमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किए जाने पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पूछा कि क्या ऐसी व्यवस्था राज्य निर्वाचन आयोग के सांविधानिक अधिकारों को प्रभावित करती है। अदालत ने कहा कि पंचायत चुनाव समय पर कराना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बनाए रखना राज्य निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। ऐसे में प्रशासक नियुक्त करने की प्रक्रिया का चुनावी व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है, यह भी स्पष्ट किया जाना आवश्यक है।

न्यायालय ने पंचायतीराज विभाग के अपर मुख्य सचिव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष स्पष्ट करने का निर्देश दिया था, जो पेश हुए। राज्य सरकार की ओर से मामले में नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप नारायण माथुर और मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह पेश हुए। उधर, याचियों के वकील पेश हुए। ब्यूरो

अन्य जनहित याचिकाओं के साथ होगी सुनवाई :

यह मामला संजय कुमार शर्मा द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। अदालत ने इस मुद्दे को पंचायत व्यवस्था से संबंधित अन्य लंबित जनहित याचिकाओं के साथ जोड़ने का निर्देश दिया है, ताकि सभी सांविधानिक पहलुओं पर एक साथ व्यापक सुनवाई हो सके।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना संख्या: NER-BSB0SnT-OT-33-2026
मण्डल रेल प्रबन्धक / सिग एवं दूरसंचार पूर्वोत्तर रेलवे / वाराणसी क्षेत्रे एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली–ई" निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक:– 1., निविदा सूचना सं एवं कार्य का नाम:–NER-BSB0SnT-OT-33-2026: कार्य का नाम:** वाराणसी मंडल के फरिया स्टेशन पर 750 मीटर की दूसरी माल शेड कॉमन रनिंग लाइन उपलब्ध कराने के संबंध में सिग्नलिंग कार्य।, **विवरण:– अनुमानित लागत:–** रु. 37252717.59, **बयाना की राशि:–** रु. 745100.00/–, **निविदा प्रपत्र की कीमत:–**रू.00.00/–, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:–** 12 माह, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय:–** 03.08.2026 को 15:00 बजे, 1. ई–निविदा दिनांक 03.08.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **i.e. www.ireps.gov.in** देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिग्नल–64 **वाराणसी**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना:ओटी-14-2026
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है:–
क्रम सं.-1, निविदा सं: ओटी-14-2026, कार्य का विवरण: सहजनवाँ–दोहरीघाट नई लाइन रेल विद्युतीकरण परियोजना के अन्तर्गत सहजनवाँ, पिपरौली, खजनी, उनवल, बैदौली बाबू हाल्ट और बांसगाय मे नव निर्मित/विस्तारित प्लेटफार्मो, सिग्नल बिल्डिंगो, स्टेशन बिल्डिंगो, पीएफ शेल्टर्स, गेट लाज, फुट ओवर ब्रिज, रोड अण्डर ब्रिज का विद्युतीकरण कार्य एवं अन्य सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 6,16,82,200.95,बयाना राशि: ₹ 12,33,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय:05-08-2026 को 15:00 बजे।
नोट: • इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण
मुजाधि/विद्युत-93 **गोरखपुर**
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–टेंडरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑनलाईन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से** "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** समइ/लाइन/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत एलएचएसडब्ल्यू से सचित पानी की निकासी का कार्य, **ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–99; अनुमानित लागत(₹):** ₹26,88,895/-; अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹): ₹53,800/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 31.07.2026; **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह। • निविदा सूचना संख्या **एनईआर– बीएसबी– 2026–99** दिनांक 31.07.2026 को 11:30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०)
मुजाधि/डब्ल्यू–228 वाराणसी
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-03 कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)
14, हरबंशपुर, निकट निरंकारी भवन, आजमगढ़,फोन/फैक्स: 0546-2-260342
ई-मेल: unit3azamgarh.cnds@gmail.com
पत्रांक : 1006/लेखा-07/276
दिनांक : 10.07.2026
ई-निविदा सूचना
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा **जनपद बलिया पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में मिट्टी भराई एवं वाहरदीवारी उच्चीकरण का निर्माण कार्य हेतु अनुमानित लागत रू0 170.95 लाख (जी0ए0टी0 रहित एवं लेबर सेस सहित)** हेतु सी0 एण्ड डी0ए0 में यथोचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से **दिनांक 04.08.2026 के अपरान्ह 05:00 बजे तक** ई–निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त कार्य हेतु ई–निविदा प्रपत्र **दिनांक 14.07.2026 से दिनांक 04.08.2026 के मध्य** उत्तर प्रदेश सरकार की e-procurement वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** से डाउनलोड किये जा सकते हैं तथा ई–निविदा **दिनांक 05.08.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे** सी0 एण्ड डी0 एस0, यूनिट–03, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), आजमगढ़ में निविदा खोली जायेगी। ई– निविदा प्रपत्र का मूल्य **रू0 10,000.00 + GST(18%) अतिरिक्त** देय होगा। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट **www.cdsupjn.org** एवं प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध हैं। समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) **https://etender.up.nic.in** पर ही अपलोड किये जायेंगे, **इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा।** निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाईट का समय–समय पर अवलोकन करते रहें।

अमर उजाला
यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।
अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें
1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक
circulation@amarujala.com

यूको बैंक आंचलिक कार्यालय : धनश्री कॉम्पलैक्स, प्रथम तल, डी–63/88–एम, तुलसीपुर, महमूरगंज, वाराणसी
नियम 8(6) अचल सम्पत्ति के बिक्री हेतु बिक्री सूचना
बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूतिकरण वित्तीय आस्ति का पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रर्वतन अधिनियम 2002 के सपठित नियम 8(6) के अर्न्तगत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए बैंक के पास सांपिक्य बंधक रखी गई है। यह सूचना आम जनता को एवं विशेष रूप से ऋणकर्ता/जमानतकर्ता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल संपत्ति को, जो यूको बैंक (प्रतिभूतिदाता) के पास बंधक है एवं जिसका प्रतीकात्मक कब्जा यूको बैंक (प्रतिभूतिदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। निम्नलिखित संपत्ति को ''जो है, जैसा है, जहां है '' के आधार पर 29.07.2026 को यथास्थिति ई–नीलामी (Baanknet Portal) द्वारा बिक्री की जायेगी।

क्र सं	शाखा का नाम, ऋणकर्ता/जमानतकर्ता का नाम एवं पता	सम्पत्ति का विवरण	कब्जा की वस्तु–स्थिति वास्तविक/प्रतीकात्मक)	मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि	कुल बकाया धनराशि	आरक्षित मूल्य अग्रिम मूल्य निविदा बढ़ोतरी राशि	प्राधिकृत अधिकारी का विवरण	ई–नीलामी की तारीख व समय
	शाखा – भदोही (0083)							
1.	**ऋणकर्ता :मेसर्स एस एस ट्रेकिंग प्रोपराइटर : श्री इरफान अहमद पुत्र श्री मक्बूल अहमद, पता : बाजार सलावत खान, भदोही 221401** **जमानतकर्ता :(1) श्रीमती अख्तारी बेगम पत्नी श्री मक्बूल अहमद (2) श्री मक्बूल अहमद पुत्र श्री मुर्तुजा अली, पता : बाजार सलावत खान, भदोही 221401**	आवासीय प्लॉट संख्या 1, वार्ड संख्या 14, प्लॉट संख्या 1/3 एवं 2/2, बाजार सलावत खान, क्षेत्रफल 6728.91 वर्ग फिट उप पंजीयक भदोही विक्रय विलेख क्रम संख्या 2932 दिनांक 15.10.2020 में पुस्तक संख्या 1, वाल्यूम संख्या 3476, पृष्ठ संख्या 93/124, क्रम संख्या 2932 में श्री मक्बूल अहमद पुत्र स्व0 मुर्तजा अली के नाम पर पंजीकृत है। **चौहद्दी – पूरब :** 3'–0'' फिट से कम चौड़ी गली/नाली उसके बाद आबादी, **पश्चिम :** 3.0 मीटर से कम नगर पालिका रोड, **उत्तर :** अराजी का भाग एवं प्लॉट 1/3 एवं मदन लाल सेठ का मकान, **दक्षिण :** निर्मला देवी एवं मेराज अहमद का मकान।	17.08.2024 (प्रतीकात्मक)	07.06.2024 रू. 46,37,599/– दिनांक 30.04.2024 तक के अभ्युक्त ब्याज, शुल्क लागतें एवं व्यय आदि	रू. 59,76,007/– दिनांक 31.05.2026 तक के अभ्युक्त ब्याज, शुल्क लागतें एवं व्यय आदि	रू. 157.33 लाख रू. 15.74 लाख रू. 0.10 लाख	श्री संफ मोहम्मद मो. 9935711003	29.07.2026 प्रातः 10.00 से सायं : 05.00 तक

नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तों के लिए यूको बैंक की वेबसाइट www.ucobank.com या पीएसबी आलियान्स का ई विक्रय के https://baanknet.com को देखें।
दिनांकित : 08.07.2026 स्थान : भदोही प्राधिकृत अधिकारी – यूको बैंक



नगर निगम चंडीगढ़
आरएफपी सूचना

क्र. सं.	कार्य का नाम	बोली जमा अनुसूची (ऑनलाईन)	तकनीकी बोली को खोलना (ऑनलाईन)
	अधिशासी अभियंता – एसडब्ल्यूएम मंडल एमसी		
1.	पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर चंडीगढ़ इंटीग्रेटिड काऊ डंग बायो-रिफाईनरी प्रोजेक्ट हेतु प्राईवेट पार्टनर/टेक्नोलॉजी प्रोवाईडर के चयन हेतु आरएफपी। अनुमानित लागत : एजेंसी द्वारा उद्धृत की जाएगी ईएमडी : 5 लाख रू. एमएसएमई/एनजीओ/फाउंडेशन को छूट की अनुमति है। समय सीमा : 15 वर्ष शुल्क : 5000/-रू.	09.07.2026 को पूर्वा. 9:00 बजे से 31.07.2026 को अप. 03:00 बजे	31.07.2026 को अप. 03:15 बजे

नोट:- अन्य सभी नियम एवं शर्तें एवं सम्पूर्ण विनिआसु को वेबसाईट https://etenders.chd.nic.in पर अपलोड कर दिया है।
अधिशासी अभियंता
एसडब्ल्यूएम मंडल, कमरा नं. 612, छठा तल, न्यू डीलक्स बिल्डिंग, एमसी सेक्टर-17 चंडीगढ़
ई–मेल आईडी : mcc.swm2020@gmail.com